प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची में आज से तीन दिवसीय इस्ट टेक सिम्पोजियम की होगी शुरुआत, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा– एमएसएमई सेक्टर को मिलेगा बढ़ावा।
2. रांची में विश्वस्तरीय मेडिको सिटी के लिए एडीबी ने दी 2 हजार 800 करोड़ रुपये की मंजूरी, एम्स की तर्ज पर रिम्स के एमबीबीएस और बीडीएस छात्रों को मिलेगा स्टाइपेंड।
3. कल से शुरु हो रहे रेल रोको आंदोलन को लेकर डीजीपी ने की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, दुर्गा पूजा की सुरक्षा तैयारियों पर आज मुख्य सचिव करेंगी उच्च स्तरीय बैठक।
4. रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज गरज के साथ वर्षा और वज्रपात की चेतावनी, 40 किलोमीटर की रफ्तार से चल सकती है हवा।
5. खेल प्रतिभाओं की तलाश के लिए राज्य में दो दिवसीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता शुरु, पहले दिन रांची में साढ़े चार सौ से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा।

*******************

सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेन्स मैन्युफैक्चरर्स के सहयोग से भारतीय सेना की पूर्वी कमान की ओर से प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी ईस्ट टेक का चौथा संस्करण आज से रांची के खेलगांव स्टेडियम में शुरु हो रही है। तीन दिनों तक चलने वाले इस्ट टेक सिम्पोजियम का उदघाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मौके पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और सीडीएस जनरल अनिल चौहान समेत सेना के कई अधिकारी मौजूद रहेंगे।

*******************

इस बीच रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत और रक्षा आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रांची में पहली बार इस्ट टेक सिम्पोजियम का आयोजन किया जा रहा है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से झारखंड में एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा।

*******************

झारखंड को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और सौगात मिली है। राजधानी रांची में विश्वस्तरीय मेडिको सिटी का निर्माण किया जाएगा। रिनपास के समीप विकसित होनेवाले इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक –एडीबी ने 2 हजार 800 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने दी। इस सिलसिले में उन्होंने एक उच्चस्तरीय बैठक की और इस परियोजना के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।

*******************

इधर, रिम्स की स्थायी वित्त और लेखा समिति की बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सहायक प्राध्यापक और वरीय रेजिडेंट के नौ नए पदों पर नियुक्ति का निर्णय लिया गया। ब्लड मोबाइल ट्रांसपोर्टेशन वैन के लिए उपलब्ध बजट का उपयोग कर वाहन खरीदने की अनुमति भी दी गई। बैठक में समिति ने एम्स, नई दिल्ली की तर्ज पर रिम्स के एमबीबीएस और बीडीएस छात्रों के लिए स्टाइपेंड में वृद्धि का प्रस्ताव भी पारित किया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवनी पर आधारित राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लघु फिल्म चलो जीते हैं रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और धनबाद के सिनेमाघरों में दिखाया गया। रांची में इस फिल्म को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और विधायक सीपी सिंह समेत युवाओं ने देखा। इस मौके पर दर्शकों ने फ़िल्म की जमकर सराहना की और सभी के लिए प्रेरणादायक बताया।

*******************

झारखंड विधानसभा में बेहतर जीवन जीने की कला विषय पर कार्यशाला हुई। संचालन प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर अरुण ऋषि 'स्वर्गीय' ने किया। अरुण ऋषि ने रोजमर्रा की वस्तुओं, खाद्य एवं पेय पदार्थों के सेवन अथवा त्याग से जुड़े सुझाव दिये। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उनकी पुस्तक कैसे बने मेरा भारत महान का लोकार्पण भी किया।

*******************

झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कुर्मी समाज को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर कल से शुरु हो रहे रेल रोको आंदोलन को लेकर राज्य में अलर्ट जारी किया गया है। इस सिलसिले में कल शाम झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी ने उच्चस्तरीय बैठक कर सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

*******************

इधर, राज्य में दुर्गा पूजा महोत्सव के सफल और सुरक्षित आयोजन के लिए सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता आज शाम 5 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य भर में कानून–व्यवस्था बनाए रखने और आवश्यक सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करना है।

*******************

वस्तु और सेवा कर की नई दरें सोमवार 22 सितम्बर से लागू हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस सम्बोधन में अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधारों की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य कर संरचना को आसान बनाना और आम लोगों पर वित्तीय भार कम करना है। आज हम ऑटो मोबाइल उद्योग में इन सुधारों के सम्भावित प्रभावों का उल्लेख करेंगे।

*******************

खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड के कोचा गांव की महिलाओं ने बेहतरीन प्रयास से यह गांव पूरी तरह से नशा मुक्त गांव बन गया है।

*******************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज गरज के साथ वर्षा और वज्रपात होने की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी करते हुए बताया कि कहीं–कहीं 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा भी चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान झारखंड के उच्चतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

*******************

खेल प्रतिभाओं की तलाश के लिए राज्य में दो दिवसीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता शुरु की गयी है। रांची में इसका उदघाटन खेल निदेशक शेखर जमुआर ने किया। इस दौरान 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के साढ़े चार सौ से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आज 16 से 22 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए ट्रायल आयोजित होगा।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सीडीएस अनिल चौहान के रांची आगमन की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– पन्ना उत्खनन भूली राज्य सरकार, केन्द्र भी मौन, तस्करों के हाथों में रत्न भंडार।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– रांची के दो विद्यार्थियों को राष्ट्रपति देंगी पुरस्कार।

प्रभात खबर ने माओवादियों के शांति वार्ता की पहल की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण लिखता है– एनआईए ने कुकड़ूहाट कांड में शामिल नौ माओवादियों पर घोषित किया इनाम।

********************